





नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 26 मई, 2026



## एक नजर में

### शाहपुर में संतश्री भीमाजी भोई महाराज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता गजेंद्र पाटील



**बुरहानपुर।** शाहपुर नगर में सकल भोई समाज द्वारा राष्ट्रसंतए समाज सुधारक एवं राष्ट्रकवि संत श्री भीमाजी भोई महाराज जी की 176वीं जन्म.जयंती श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में समाजजनों की बड़ी उपस्थिति रही तथा सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को लेकर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने कहा कि संत श्री भीमाजी भोई महाराज के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं युवा सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए युवाओं से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भोई जाति नहीं, उपाधि है भारतवर्ष की परिपाटी है का संदेश प्रमुख रूप से रखा गया,जिसने समाज की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती प्रदान की। इस दौरान संत श्री भीमाजी भोई महाराज के समाज सुधार, मानव सेवा एवं समरसता के विचारों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

### सेवासदन महाविद्यालय की छात्रा कुण् नंदिनी मौर्य ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान



**बुरहानपुर।** सेवा सदन महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें छात्रा कु. नंदिनी मौर्य ने 8.67 सीजीपीए अंक प्राप्त कर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की प्रावीण्य सूची में षष्ठम स्थान एवं महाविद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। कु. अदिती मानलवी ने 8.33 सीजीपीए अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आशीष सिनसिनवार ने 8.23 सीजीपीए अंक प्राप्त तृतीय स्थान तथा कुण् विनिता थारवाणी ने 8ण्18 सीजीपीए अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सेवासदन महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रतिवर्ष उत्कृष्ट परिणाम देते आये हैं एवं विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम शिखर पर बनाए हुए है। आपने इस सफलता के लिए कला संकाय के विद्यार्थियों की मेहनत एवं प्राध्यापकों के विशेष योगदान की सराहना की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शिक्षा समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्राचार्य डॉ. एस.एम.शकील, डॉ.सुरेन्द्र कुमार जैन, डॉ.संदीप पगारे,डॉ.मनीष भट्ट, कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ.उर्मिला चौकसे, प्रो.रश्मि तिवारी, प्रो.शशिकांत दुबे, डॉ.सुनील दीक्षित,डॉ.राजेश काले, प्रो.अरूणा दीक्षित, डॉ.निधि माहेश्वरी, डॉ.अनिल चौधरी, डॉ.मो.अलताफ अंसारी, प्रो.अर्पिता गढे, प्रो.संजय महाजन एवं समस्त स्टाफने छात्रध/छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### विहाररत जैन संतों की सुरक्षा के लिए सकल जैन समाजजनों ने ज्ञापन सौंपा




**बुरहानपुर।** जैन समाज के आचार्यो एवं मुनि संतो के निर्देशानुसार पुरे भारत देश में वर्तमान समय में हो रही घटनाओ के परिपेक्ष में विहाररत जैन साधू संतो की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था,राष्ट्रिय संत सुरक्षा निति एवं आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जाँच की मांग हेतु एक ज्ञापन भारत देश के गृहमंत्री अमित शाह एम.प्र.मुख्यमंत्री मोहन यादव,जिला कलेक्टर हर्ष सिंह एजिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के नाम ज्ञापन बुरहानपुर जिले के कलेक्टर कार्यालय परिसर में नगर बुरहानपुर के अनुविभागीय दंडाधिकारी अजमेर सिंह गौड़ को श्री सकल जैन समाज के उपस्थित जनसमुदाय ने ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन भेंट अवसर पर यह मांग की गई की घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जाँच ,प्रकरण की अथवा न्यायायिक जाँच , घटना से सम्बन्धित सीसी टीवी फुटेज को सुरक्षित करना एवं दोषी पाए जाने पर दोषियों पर कठोरतम क़ानूनी कार्यवाही,संत सुरक्षा प्रोटोकोल के अंतर्गत विहाररत साधू संतो की सुरक्षा,विहार मार्गो पर प्रशासनिक समन्वय व्यवस्था,संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस सहयोग,ट्रेफिक नियंत्रण व्यवस्था,हाइवे एवं भीड़भाड़ क्षेत्रो में विशेष सुरक्षा व्यवस्था,राष्ट्रिय संत सुरक्षा निति भारत सरकार के अंतर्गत पैदल विहार करने वाले संतो को गाइडलाइन अनुसार सुरक्षा एसओपी , संवेदनशील मार्गो पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ संतो के विरुद्ध अपराधो को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखे जाने की मांग बुरहानपुर जिले के साथ साथ सम्पूर्ण भारत देश के श्री सकल जैन समाज ने मांग की है।

ज्ञापन भेंट अवसर पर श्री सकल जैन समाज बुरहानपुर के प्रमुख विवेक जैन ,किरण हुमड जैन ,जतनलाल सेठिया जैन, विमल सेठिया जैन ,प्रियल जैन, पंकज कासलीवाल जैन , विरेन्द्र जैन, प्रकाश सेठी , त्रिलोक जैन ,विमल पाटनी,विनय हुमड जैन ,राजेंद्र लुहाडिया जैन,संतोष पाटनी जैन , जम्बुकुमार पहाड़िया जैन ,प्रमोद जैन , दिलीप कासलीवाल जैन ,आलोक पाटोदी जैन , संदीप जैन ,दीपक भाई जैन, महावीर प्रसाद सोनी जैन ,शुभम खीचा जैन ,भागचंद गंगवाल जैन ,फोपनार क्षेत्र से ओमप्रकाश जैन , महेंद्र जैन,शाहपुर से संदीप जैन , धर्मेन्द्र जैन ,दापोरा से मुन्ना जैन के साथ साथ बड़ी संख्या में श्री सकल जैन समाज बुरहानपुर जिले के जैन धर्म के समस्त अनुयायीगण महिलाये एवं पुरुष उपस्थित थे स ज्ञापन का वाचन जैन समाज के कर्मठ कार्यकर्ता महेंद्र जैन ने किया एवं उपरोक्त जानकारी जयकुमार जैन एवं दिलीप कासलिवाल जैन ने दी।

### पंख कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक संगठनों की बैठक

**बुरहानपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् जिला बुरहानपुर द्वारा पंख कार्यक्रम के तहत् जिला स्तरीय स्वैच्छिक संगठनों.संस्थाओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक श्री अमित शाह,जिला समन्वयक श्री मनीष कुवादे, सहित समिति सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री मनीष कुवादे द्वारा पंख योजना एवं जन अभियान परिषद के संबंध में जानकारी दी गयी। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त संस्थाओं से परिचय करते हुए किए जा रहे कार्यों का संक्षिप्त विवरण लिया।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## आम लोगों की जेब पर भारी मार पड़ने का लगाया आरोप



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में सोमवार दोपहर कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के पेट्रोल पंपों पर पहुंचे और वाहन चालकों को मेलोडी चॉकलेट बांटकर केंद्र सरकार पर तंज कसा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों से कहाकृ श्मेलोडी खाओए रेट बढ़ाओ और महंगाई भूल जाओ।

**मेलोडी के बहाने सरकार पर निशाना :-** कांग्रेस नेताओं ने हाल ही में प्रधानमंत्री के विदेश दौरे के दौरान मेलोडी चॉकलेट के जिक्र को मुद्दा बनाते हुए प्रदर्शन किया। नेताओं का कहना था कि सरकार मीठी बातों और प्रचार में लोगों को उलझाकर महंगाई जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है,जबकि आम जनता पेट्रोल.डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान है।

**आम आदमी की जेब पर पड़ रही मार:-** प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता अजय रघुवंशी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई ने लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है, लेकिन सरकार इस पर गंभीर नहीं दिख रही।

कांग्रेस नेता हेमंत पाटील ने कहा कि सरकार सिर्फमीठी बातें कर रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है, लेकिन जनता को राहत देने के बजाय मेलोडी मोमेंट दिखाया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई से हर वर्ग परेशान है, लेकिन सरकार वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय लोगों का ध्यान भटकाने में लगी हुई है।

## एसपी ने किया औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा पुलिस थाना गणपति नाका, थाना शाहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों के संधारण जप्ती माल, लंबित प्रकरणों की समीक्षा एवं पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। थाना परिसर में आए लोगों से पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई । साथ ही उनकी समस्याएं निराकरण के निर्देश दिए।

लंबित अपराधों की समीक्षा' कर उनका त्वरित निराकरण करने हेतु किया निर्देशित। चोरी की घटनाओं को रोकने हेतु हॉट स्पॉट चिन्हित' कर वहां प्रभावी गश्त करनेए संदिग्ध लोगों की चेकिंग करनेए एवं थाने के गुंडा एवं निगरानी बदमाशों पर विशेष नजर रखने हेतु निर्देश दिए। रजिस्टर की जांच' वार्षिक निरीक्षण रजिस्टर में दर्ज सभी प्रविष्टियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

डिजिटल समन्स, वारंट निष्पादन' समन्स और वारंट की डिजिटल प्रक्रिया का निरीक्षण कर सभी मामलों में डिजिटल निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर की सफाई एवं रिकॉर्ड प्रबंधन' थानों में स्वच्छता बनाए रखने और रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई। माइक्रो बीट प्रणाली का निरीक्षण' सभी बीट अधिकारियों को अपनी बीट में नियमित भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने और जानकारी को इन्फॉर्मेशन बुक में दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण' सभी थानों में कैमरों की कार्यक्षमता की जांच की गई। जिन कैमरों में कोई समस्या पाई गई, उन्हें शीघ्र दुरुस्त करने के एवं थाना क्षेत्र के संवेदनशील व व्यस्ततम इलाक़ों में जन.अभिप्रेरण कर अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। कस्टोडियल डेथ के विषय' को गंभीरता से लेकर थाना प्रभारी एवं स्टाफ को आरोपियों की सुरक्षा के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियों की समस्याओं की सुनवाई' निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना गया और आवश्यक समाधान हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

## गंगा दशहरा पर अमरावती नदी में विशेष सफाई-श्रमदान




**नवभारत न्यूज,**
**शाहपुर।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसकी अवधि 30 जून तक निर्धारित है। नगर परिषद् शाहपुर द्वारा अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण,जल स्त्रोतों के संवर्धन एवं जनजागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नगर परिषद् शाहपुर जिला बुरहानपुर द्वारा अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी द्वारा उपाध्यक्ष श्रीमती राजनी गोपाल चौधरी एवं परिषद् पदाधिकारी-अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 स्थित अमरावती नदी एवं आसपास विशेष स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई कार्य कर जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु तथा जल संरक्षण एवं नदी पुनर्जीवन के संकल्प को सशक्त किया । साथ ही जल सरक्षण एवं समुचित उपयोग की सामूहिक शपथ ली गई !

नगर परिषद शाहपुर द्वारा आमजन से भी अपील की गई कि जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता एवं जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संतुलन को सुदृढ़ करना है। अमरावती नदी हमारी जीवनदायिनी धरोहर है, जिसका संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। हमारा जल-हमारा भविष्य के संदेश के साथ नगर परिषद शाहपुर द्वारा अभियान अंतर्गत निरंतर आगामी दिनों में भी विभिन्न जनजागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नगर परिषद् उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी,अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि विजय दौड़े, विनोद चौधरी, एल्डरमेन राजाराम अटोलकर,रमेश चोपड़े और अन्य मौजूद थे।

### गंगा दशहरा : प्राचीन पांव-बावड़ियों की सफाई और पूजन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में स्थित विभिन्न 17 प्राचीन पांव.बावड़ियों की साफ सफाई एवं जल स्त्रोतों का पूजन किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बोरसर, ईच्छापुर, बोरगांव, असीर, खामला, खातला में कलश यात्रा निकालते हुए जल स्त्रोतों का पूजन किया गया। पांव.बावड़ियों के इतिहास और हमारे प्राचीन संस्कृति में जल संरक्षण संवर्धन की चेतना के प्रति पंचायत स्तर पर परिचर्चाएं भी आयोजित की गई। जल गंगा दशहरा के अवसर पर ग्राम पंचायत में आयोजित कलश यात्रा पूजन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा सहभागिता की गयी।

## महादेव घाट पर पीपल-जल का पूजन



**नवभारत न्यूज,**
**धूलकोट ।** जन अभियान परिषद बुरहानपुर सेक्टर धूलकोट में नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति धूलकोट के संयुक्त तत्वाधान में आज गंगा दशहरा के उपलक्ष में रूपारेल नदी पर महादेव घाट पर पीपल एवं जल का पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश पालियाए जनपद पंचायत सदस्य मनोज दांगोड़े, सचिव, ग्राम के वरिष्ठ छन्नू जी मासरे, श्रीराम मुजाल्दे, ओम प्रकाश चौहान, मेंटर लोकेंद्र सेन, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सुनील शर्मा, मेंबर संतोष सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही।

कलश यात्रा के उपरांत महादेव मंदिर में पूजन एवं जल अभिषेक उपरांत प्रसादी वितरित की गई। संस्था के उपाध्यक्ष मनोज दांगोड़े जी द्वारा क्षेत्र की समृद्धि के लिए भगवान भोलेनाथ से पूजा एवं प्रार्थना की गई।

संस्था के सचिव संतोष महाजन ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था चंपालाल महाजन एजुकेशनल सोसाइटी धूलकोट सेक्टर धूलकोट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण को लेकर ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया ।

उन्होंने बताया कि आजश्री गंगा दशहरा 25 मई 2026ए सोमवार पूर्वाह व्याप्तिनी ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को पृथ्वी पर गंगा अवतरण हुआ था। इसलिए पूर्वाह व्याप्तिनी ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन श्श्री गंगा दशहराश् मनाया जाता है। ज्येष्ठ अधिक मास होने पर गंगा दशहरा अधिक मास में ही मनाया जाता है, शुद्ध में नहीं।

इसलिए शास्त्रानुसार ज्येष्ठ अधिक मास में गंगा स्नान, पूजन करना शुद्ध ज्येष्ठ की अपेक्षा अधिक फलदायक होता है। का उद्देश्य ग्रामीण जनों में जल स्त्रोतों के प्रति जनता की जागरूकता बड़े और वह जल स्त्रोतों के संरक्षण और जल बचाओ अभियान में अपनी भूमिका निश्चित करें।

## जश्न-ए-इकबाल अंसारी के अवसर पर आल इंडिया अदबी मुशायरा



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** शहर की प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं में आईना सोसायटी, तेहरीम एजुकेशनल सोसायटी, ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल और निमाड़ वैली इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मुशायरा आयोजित किया गया। वरिष्ठ उर्दू-हिंदी पत्रकार इक़बाल अंसारी आईना की 40 वर्षों की उल्लेखनीय पत्रकारिता सेवाओं के सम्मान में जश्न-ए-इकबाल अंसारी के अंतर्गत एक भव्य आल इंडिया अदबी मुशायरे एवं सम्मान समारोह का आयोजन शौकत मैदान बुरहानपुर में किया गया।

इस गरिमामयी आयोजन में महाराष्ट्र स्टेट उर्दू साहित्य अकादमी, मुंबई के चेयरमैन डॉ.सैयद हसीन अख्तर ने विशेष रूप से शिरकत करके कार्यक्रम की गरिमा में अभिवृद्धि की। उनके साथ भुसावल की प्रसिद्ध हस्तियों में मशहुर व मारूफ नेता उसामा खड़से और शिक्षक और पत्रकार सलाहुद्दीन अदीब भी उपस्थित रहे। मुशायरे में शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति अलहाज सैयद फरीद सेठ, कांग्रेस नेता अमर यादव मुन्ना भैया, वरिष्ठ समाजसेवी अलहाज शेख अब्दुल कादिर, वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट उबैद शेख, वरिष्ठ पार्षद फ्हीम हाशमी, समाजसेवी नीरज कक्कड तथा राजेंद्र जीबी लाड, मोमिन जमात बुरहानपुर के संरक्षक मोहम्मद आरिफअंसारी अलीग, मोमिन जमात के पूर्व अध्यक्ष शाह परवेज़ सलामत सहित अनेक सरदार और सरपंचों ने अनेक गणमान्य नागरिकों ने मंच साझा कर कार्यक्रम की शोभा और गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर बाहर से आए मेहमानों और स्थानीय अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं सम्मान पत्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान हैदराबाद तेलंगाना के प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक एवं शायर प्रोफेसर मसूद अहमद की प्रसिद्ध एवं चर्चित पुस्तक एहसासात. ए.मसूद का लोकार्पण महाराष्ट्र उर्दू साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ.सैयद हसीन अख्तर एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

महाराष्ट्र स्टेट उर्दू साहित्य अकादमी के चेयरमैन डॉ.सैयद हुसैन अख्तर ने साहिबे जश्न और उर्दू हिंदी पत्रकार इक़बाल अंसारी को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनकी चार दशकों की पत्रकारिता सेवाओं को सलाम पेश किया। उन्होंने इस शानदार और सफल कार्यक्रम के सूत्रधार एवं संयोजक, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर व बुरहानपुर रत्न सम्मान से अलंकृत डॉ.जलील बुरहानपुरी की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए सफल आयोजन के लिए उन्हें और उनके टीम के सभी सदस्यों को और मंच पर पधारे सभी सम्माननीय अतिथियों को बधाई दी। डॉ.फरीद क़ाज़ी,मोहसिन, अदब अलहाज मास्टर फज़लुर्रहमान, मास्टर एवं शायर सलीम शहज़ाद, मध्य रेलवे बुरहानपुर स्टेशन पर पदस्थ वरिष्ठ टिकट निरीक्षक शकील अहमद सिद्दीकी तथा शिया समाज की जानी.मानी शख्सियत मौजूद रहे।

एक नजर | अधिकारियों को दिए निर्देश सर्वे कार्य में नहीं होनी चाहिए किसी प्रकार की लापरवाही

## आंधी-तूफान से तबाह फसलों के बीच किसानों के साथ खड़ी दिखीं अर्चना चिटनिस, खेतों में पहुंच लिया जायजा




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** 24 मई 2026 को बुरहानपुर जिले में आए तेज आंधी,तूफान एवं खराब मौसम ने किसानों की मेहनत पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया। जिले के कई गांवों में खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गईं। किसानों की इस पीड़ा को देखते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

विधायक चिटनिस ने उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आंधी-तूफान से प्रभावित क्षेत्रों के खेतों में फसलों का आंकलन करने की बात कही और किसानों को आश्वासन दिया कि नुकसान की भरपाई हेतु वह हर संभव मदद करेंगी। इस दौरान चिटनिस के साथ अनेक जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

अर्चना चिटनिस ने ग्राम गव्हाना में किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। खेतों में बड़ी संख्या में गिरे केले के पौधे, बर्बाद फसलें और परेशान किसानों की स्थिति देखकर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सर्वे करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि किसान पूरे वर्ष मेहनत कर फसल तैयार करता है,लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उसकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है। ऐसे समय में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। विगत दिवस आए तेज आंधी, तूफान एवं खराब मौसम ने ग्राम लोनी, हतनूर,गव्हाना, नागुलखेड़ा, नेर एवं बादखेड़ा सहित विभिन्न ग्रामों में नुकसान होने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्षसिंह से चर्चा कर राजस्व, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल सर्वे कराने बात कही। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर केले की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर चुकी है तथा कुछ पौधे बाहर से सुरक्षित दिखाई देने के बावजूद अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि केला फसल इतनी संवेदनशील फसल है कि एक बार पेड़ हिल जाए तो भी ग्रोट रूक जाती है और वह क्षतिग्रस्त हो जाता है। फसलें तो तेज हवा एवं तूफान के कारण आड़ी गिर गई है, जमीन पर सो गई है। जो पेड़ जमीन पर सो गए है वे भी मृत है और जो पेड़ खड़े तो दिख रहे है परंतु वे भी मृतप्राय है जो दो.चार दिवस में समाप्त हो जाएगा। सर्वे दल खोड ;केले का पौधा की गणना न करते हुए अनिवार्य रूप से प्रतिशत में क्षतिपूर्ति का आंकलन करें। किसानों की हितैषी भाजपा सरकार द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर 2 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर मुआवजे का प्रावधान किया गया है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि हर स्तर पर लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सतत प्रयास कर आरबीसी 6/4 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति मुआवजा मिले यह सुनिश्चित करेंगी।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, एसडीएम अजमेसिंह गौड़, तहसीलदार प्रवीण ओहरिया, योगेश महाजन,विनोद कोली, भास्कर पाटिल, गोपाल गहुले,मनोहर पाटिल, नितिन पाटिल, विजय गहुले, प्रमोद पाटिल, जितेन्द्र पाटिल, राहुल गहुले, सागर कोली, रूपेश लिहनकर, दीपक महाजन,योगेश महाजन एवं प्रविण घेटे सहित प्रशासनिक एवं मैदानी अमला मौजूद रहा। अधिकारियों ने खेतों में पहुंचकर नुकसान का आकलन किया तथा किसानों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।